# जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति                                                                                   दिनांक 14.06.2024

**एसओजी शामली व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई मोबाईल लूट व चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया मोबाईल, चोरी किया हुआ 01 अन्य मोबाईल, 01 अवैध तमंचा व चाकू बरामदः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 09.06.2024 को श्री नूरहसन पुत्र हमीद निवासी ग्राम मुण्डेट कलां थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली द्वारा बाईक सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत माजरा रोड पेट्रोल पम्प के पास से मोबाईल छीन लेने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सूचना दी थी। पीडित की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 14.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में एसओजी शामली व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई मोबाईल लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 04 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के कब्जे से लूटा हुआ मोबाईल व लगभग 01 महीना पूर्व सिटी ग्रीन मैरिज पैलेस शामली से चोरी किया हुआ 01 मोबाईल, अवैध तमंचा 315 बोर व अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.सारिक उर्फ सोनू पुत्र महबूब निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.अब्दुल कादिर पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.गुलफाम उर्फ गुल्लु पुत्र रफीक निवासी ग्राम कुडाना थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

4.परवेज पुत्र शेरदीन निवासी मौहल्ला कलन्दरशाह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.लूटा हुआ मोबाईल ओप्पो

2.चोरी किया हुआ मोबाईल सैमसंग गलेक्सी ए22 (मु0अ0स0 355/2024 धारा 380/411 भादवि से सम्बन्धित)

3.एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस (अभियुक्त सारिक उर्फ मोनू से बरामद)

4.एक अवैध चाकू (अभियुक्त अब्दुल कादिर उपरोक्त से बरामद)

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त सारिक उर्फ मोनू उपरोक्तः-**

1.मु0अ0स0 348/24 धारा 392/411 भादवि थाना कोतवाली शामली

2.मु0अ0स0 355/24 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली शामली

3.मु0अ0स0 363/24 धारा 3/4/25 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली शामली

4.मु0अ0स0 565/21 धारा 414/465 भादवि थाना कोतवाली शामली

5.मु0अ0स0 374/23 धारा 392/411 भादवि थाना कोतवाली शामली

6.मु0अ0स0 375/23 धारा 3/5/9 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली शामली

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त अब्दुल कादिर उपरोक्तः-**

1.मु0अ0स0 348/24 धारा 392/411 भादवि थाना कोतवाली शामली

2.मु0अ0स0 355/24 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली शामली

3.मु0अ0स0 363/24 धारा 3/4/25 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली शामली

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त गुलफाम उर्फ गुल्लु उपरोक्तः-**

1.मु0अ0स0 355/24 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली शामली

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त परवेज उपरोक्तः-**

1.मु0अ0स0 355/24 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली शामली

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री युनूस खान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री अरुण कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.है0का0 सोहित कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

4.है0का0 राजू त्यागी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

5.है0का0 विकास पूनिया थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

6.है0का0 नितिन त्यागी एसओजी जनपद शामली।

7.है0का0 प्रदीप एसओजी जनपद शामली।

8.का0 मनीष एसओजी जनपद शामली।

9.का0 शादाब एसओजी जनपद शामली।



**<u>थाना बाबरी पुलिस द्वारा 01 सट्टेबाज गिरफ्तार, कब्जे से 4,020/- रुपये नगद व सट्टा पर्ची, पेन्सिल व मोबाईल बरामदः-</u>**

आज दिनांक 14.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/जुआरी/सट्टेबाजो की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 सट्टेबाज अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। जिसके कब्जे से 4,020/- रूपये नगद, सट्टा पर्ची, पेन्सिल व मोबाईल बरामद हुआ है । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>**

1.रामभजन पुत्र जोगादास निवासी ग्राम बन्तीखेडा थाना बाबरी जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.नकदी 4,020/- रुपये नगद, सट्टा पर्ची, पेन्सिल व 01 मोबाईल लावा (कीपैड)।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री विनोद राघव थाना बाबरी जनपद शामली।

2.है0का0 अमित कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।

3.का0 अरुण कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।



**थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 130 ग्राम चरस बरामदः-**

दिनांक 14.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से अवैध 120 ग्राम चरस बरामद हुयी है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.शावेज पुत्र असलम निवासी मौहल्ला गुजरान कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 130 ग्राम चरस।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 351/2015 धारा 147/148/149/307 भादवि थाना कांधला जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 195/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कांधला जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री विरेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

2.का0 अश्वनी कुमार थाना कांधला जनपद शामली।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा युवती से छेडछाड करने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 14.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

दिनांक 14.06.2024 को थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत युवती से छेडछाड करने के मामले में पीड़िता के परिजन द्वारा थाना थानाभवन पर नामजद तहरीर दी गई । परिजन की तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त:-**

1.बिलाल पुत्र मौहम्मद उमर निवासी ग्राम मसावी थाना थानाभवन जनपद शामली ।



**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 03 चोर गिरफ्तार, कब्जे से घर से चोरी किया हुआ सामान बरामदः-**

आज दिनांक 14.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 03 चोरों को चोरी किये हुए 01 स्टील की बाल्टी, 01 सिल्वर की पतीली, 01 सिल्वर का कटोरा, 01 सिल्वर की कढाई, 01 सिल्वर की प्लेट, 02 स्टील की कटोरी और 02 स्टील के गिलास सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 14.06.2024 को वादी श्री विकास कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली द्वारा घर से बर्तन चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर अभियुक्तगण के विरुद्ध नामजद तहरीर दी थीं। पीडित के तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.रोहित पुत्र गुलजारी निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.कपिल पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.रेणु पुत्र हरबीर निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी किया हुआ सामान 01 स्टील की बाल्टी, 01 सिल्वर की पतीली, 01 सिल्वर का कटोरा, 01 सिल्वर की कढाई, 01 सिल्वर की प्लेट, 02 स्टील की कटोरी और 02 स्टील के गिलास।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री युनुस खान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.है0का0 नबाव सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.का0 अमित थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा युवती से दुष्कर्म करने के मामले में 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 14.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा अपहरण कर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत युवती का अपहरण करने के संबंध में पीड़िता के परिजन द्वारा दिनांक 12.05.2024 को थाना कैराना पर नामजद तहरीर दी थी। परिजन की तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सौरभ पुत्र सुशील निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री सतीश प्रकाश थाना कैराना जनपद शामली।

2.है0का0 प्रमेश कुमार भाटी थाना कैराना जनपद शामली।

3.का0 अरुण कुमार थाना कैराना जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में बाल अपचारी हिरासत में:-**

आज दिनांक 14.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में बाल अपचारी को हिरासत में लेने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

ज्ञात हो कि दिनांक 13.06.2024 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में पीड़िता के परिजन द्वारा थाना कैराना पर नामजद तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कांधला को निर्देशित किया गया था।

**हिरासत में लेने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री कमल किशोर थाना कैराना जनपद शामली।

2.है0का0 प्रमोद कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

3.का0 अंकित कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>जनपद पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी/वांछित अभियुक्त किये गिरफ्तारः-</u>**

दिनांक 13/14.06.2024 की रात्रि को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में जनपद शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध में सम्बन्धित थानों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>**

1.अवनीश पुत्र महिपाल निवासी ग्राम कुडाना थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.हरवीर पुत्र करम सिंह निवासी पवार खेडा थाना बाबरी जनपद शामली।






**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**